# तहसील परिसर के पुराने रिकॉर्ड रूम में आग लगी, राजस्व रिकॉर्ड जला

## जेसीबी की सहायता से रिकॉर्ड रूम का टीनशेड उखाड़कर आग पर दमकल ने काबू पाया

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के आजाद चौक स्थित उपखण्ड मुख्यालय के तहसील परिसर स्थित डीएसपी कार्यालय के पास एक पूराने रिकॉर्ड रूम में बुधवार शाम करीब छह बजे अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गई, जिससे रिकॉर्ड रूम में रखा पुराना राजस्व रिकॉर्ड जलकर खाक हो गया।

जानकारी के अनुसार तहसील परिसर में डीएसपी कार्यालय व सीताराम मंदिर के बीच एक पुराना रिकॉर्ड रूम है। जिसके पास से लोगों ने परिसर की दीवार तोड़कर आजाद मार्केट में आवाजाही के लिये रास्ता भी बना रखा है, जिसमें अज्ञात कारणों से आग लग गई। आगजनी में उसमें रखा पुराना राजस्व रिकॉर्ड भी जलकर राख हो गया। आगजनी की सूचना तुरन्त नगर परिषद में दी गई। जिस पर तत्काल ही नगर परिषद फायर बिग्रेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के प्रयास



कोटपूतली में तहसील परिसर में रिकॉर्ड रूम में लगी आग पर दमकलकर्मियों ने काबू पाया।

शुरू कर दिये। लेकिन रिकॉर्ड रूम का मुख्य द्वार छोटा होने के कारण आग पर काबू पाने में समस्या होने के कारण मौके पर जेसीबी को बुलाया गया। जेसीबी से रिकॉर्ड रूम की टीनशेड हटाकर दमकल की सहायता

- तहसीलदार ने वेस्ट पेपर व कबाड़ बताया, अधजली अवस्था में मिले कई दस्तावेज

से आग पर काबू पाया गया। मौके पर मौजूद लोगों का आरोप था कि पुराने रिकॉर्ड रूम पर भू माफियाओं की नजर है, जो कि उसे हटाकर खाली पड़ी जमीन पर अतिक्रमण करना चाहते हैं।

वहीं इस सम्बंध में तहसीलदार सौरभ गुर्जर का कहना है कि परिसर के पीछे की तरफ खण्डरनुमा टूटे हुये कमरे में वेस्ट पेपर, कबाड़ का सामान भरा हुआ था। जिसमें बुधवार शाम अचानक आग लग गई। आगजनी में किसी भी प्रकार का प्रमाणिक रिकॉर्ड अथवा दस्तावेज नष्ट नहीं हुये है, जो कि तहसील परिसर में ही पृथक से रिकॉर्ड रूम में संधारित है।

# मासूम कानाराम हत्याकांड का खुलासा नहीं होने से आक्रोश

## आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने सरवाड़ व किशनगढ़ राजमार्ग जाम किया



हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किशनगढ़ व सरवाड़ राजमार्ग जाम किया और बाजार बंद करवाये।

**सरवाड़, (निसं)।** सरवाड़ निकटवर्ती बोराडा थाना के ग्राम ढिगारिया में गत दिनों हुए 18 माह के मासूम कानाराम हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों में जन आक्रोश है। वहीं ग्रामीण तेजाजी महाराज के स्थान पर एकत्रित हुए। आसपास के ग्रामीण काफी संख्या में पहुंचकर रोष प्रकट किया। बुधवार को ग्रामीणों ने किशनगढ़ व सरवाड़ राजमार्ग जाम किया और हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बाजार बंद करवाया। टायर जलाकर रोड जामकर जनता धरने पर बैठ गयी।

धरनार्थियों का कहना है कि सांसद भागीरथ चौधरी व विधायक शत्रुघ्न गौतम की मौजूदगी में पुलिस कप्तान विनित कुमार बंसल ने तीन दिन में हत्यारों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था। तब जाकर सांसद व विधायक गौतम की

- बोराडा थाना के ग्राम ढिगारिया में गत दिनों 18 माह के मासूम कानाराम की हत्या का मामला

समझाइश के बाद बोराडा अस्पताल से मासूम कानाराम का शव उठाया गया था। वहीं उस समय प्रशासन ने तीन दिन में हत्यारों को गिरफ्तार करने की बात कही थी। बोराड़ा रोड़ जाम होने पर व बाजार बंद करवाने की सूचना मिलते ही पुलिस कप्तान विनित बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामचंद्र सिंह उप अधीक्षक हर्षित शर्मा ने बोराडा पहुंचकर समझाइश का प्रयास किया। परंतु जनता हत्यारों की तत्काल गिरफ्तार करने की मांग पर अड़ रही। जिससे स्थिति गंभीर हो गई। बोराडा में सरवाड़, केकड़ी, भिनाय, सराना, केकडी शहर का जाब्ता एवं पुलिस बल तैनात कर स्थिति को पुलिस ने नियंत्रित किया। वहीं जनता ने पुलिस प्रशासन पर आरोप जड़े कि उनके द्वारा दिये गए आश्वासन पूर्ण रूप से खोखले साबित हुए है पुलिस के हाथ आज भी असल हत्यारों तक नहीं पहुंच पाए है। ढिगारिया व बोराडा के धरनार्थियों ने पुलिस कप्तान से भेंट कर हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामचंद्र सिंह ने बोराडा से बताया कि 5 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने जिला पुलिस अधीक्षक विनित कुमार बंसल से भेंट करके हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग का ज्ञापन सौंपा है। पुलिस हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर पूर्ण मुस्तैदी से कार्य कर रही है। शीघ्र ही उनकी गिरफ्तारी की जाकर पीड़ित को न्याय दिलवाया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**भीलवाड़ा, (निसं)।** बदनौर थाने के अन्तर्गत हड़माड़ा निवासी चुनीलाल पिता मेगा राम गुर्जर की भैरू घाटी के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।

आसींद थाने के एएसआई श्रवण मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक चुनीलाल गुर्जर के पुत्र मुकेश गुर्जर ने रिपोर्ट में बताया कि आसींद से मोटरसाइकिल से उनके पिता मंगलवार देर शाम सात बजे अपने गांव हड़माड़ा जा रहे थे कि रास्ते में भैरू घाटी के पास मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर से घायल हो गए।

घायल को आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं इलाज के दौरान मौत हो गई। शव को आसींद मोर्चरी में रखवाया गया बुधवार प्रातः आसींद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द किया। वहीं मृतक के पुत्र मुकेश गुर्जर ने बताया कि उनके तीन बहने वह एकमात्र पुत्र था वही पिता किसान थे।

# निजी कॉलोनियों को हाईकोर्ट से राहत मिली

**जोधपुर, (कासं)।** पानी के लिए तरस रही शहर की निजी कॉलोनियों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट की सख्ती के बाद अब पीएचईडी इन कॉलोनियों में टैंकर से पानी की सप्लाई करेगा। पीएचईडी विभाग कॉलोनी के वाटर स्टोरेज में टैंकर से पानी डलवाएगा।

गौरतलब है कि पीएचईडी के अधिकारियों की लापरवाही को देखते हाईकोर्ट ने पिछली सुनवाई में जिम्मेदारों को सजा के लिए तैयार रहने को कहा था। बुधवार को लंच से पहले जब अधिकारी परमानेंट सॉल्यूशन के साथ नहीं पहुंचे तब कोर्ट ने कहा कि अपने नाम लिखवा दो अब न्यायालय की अवमानना की कार्रवाई के लिए तैयार रहें। कोर्ट के इस सख्त रवैये और फटकार के बाद लंच के बाद पीएचईडी की ओर से फिलहाल अस्थाई व्यवस्था में टैंकर से पानी भिजवाने की बात कही गई। 4 इंच पानी की पाइप लाइन बिछाने के प्रोजेक्ट को लेकर समय मांगा तब कोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए तुरंत टैंकर

- हाईकोर्ट की सख्ती के बाद पीएचईडी इन कॉलोनियों में टैंकर से पानी की सप्लाई करेगा

से पानी की व्यवस्था व नई पाइप लाइन के प्रोजेक्ट के साथ 1 मई को कोर्ट में पेश होने के आदेश दिए।

कोर्ट ने स्वायत्त शासन विभाग के मुख्य सचिव, पब्लिक हेल्थ एवं इंजीनियरिंग विभाग के सचिव व जेडीए सचिव समेत पीएचईडी और इंजीनियरिंग विभाग के एसई के साथ अंसल प्रॉपर्टी के जनरल मैनेजर को फटकार लगाई और सख्ती दिखाई। हाईकोर्ट जस्टिस पीएस भाटी व जस्टिस मुन्नीरु लक्ष्मण की बेंच में शहर की प्राइवेट कॉलोनी अंसल सुशांत सिटी के ऑल रेजिडेंट्स अंसल सुशांत सिटी सोसाइटी की ओर से पानी की व्यवस्था को लेकर दायर याचिका की सुनवाई में 20 वर्ष से जेडीए अप्रूव कॉलोनी में पानी की व्यवस्था नहीं होने पर कोर्ट ने सख्त रवैया अपनाया।

हाईकोर्ट में चली सुनवाई में एडवोकेट जनरल वीसी के माध्यम से मौजूद रहे। पीएचईडी की ओर से पहले मना किया गया कि हमारे पास पानी नहीं है। पानी की व्यवस्था लिफ्ट कैनाल के थर्ड फेज पूरा होने पर ही दे सकेंगे। इस पर कोर्ट ने सख्ती दिखाई। कोर्ट ने अवमानना कि कार्रवाई के लिए सख्त नजर आया तब लंच के बाद दोपहर दो बजे से सवा तीन बजे तक सुनवाई चली। उस समय पीएचईडी की ओर से कॉलोनी में टैंकर से पानी सप्लाई का टेंपरेरी सॉल्यूशन पेश किया गया और वाटर सप्लाई के लिए प्रोजेक्ट बना कर लाने के लिए समय मांगा गया। इस पर कोर्ट ने 1 मई तक का समय दिया। ऑल रेजिडेंट्स अंसल सुसांत सिटी सोसाइटी की ओर से एडवोकेट दीनदयाल चितलांगी ने बताया कि हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए तुरंत टैंकर से पानी सप्लाई के आदेश दिए है। अगली सुनवाई 1 मई को होगी।

## रोडवेज बस ड्राइवर व कंडक्टर के साथ मारपीट

**अजमेर, (कासं)।** सिविल लाइन थाने में रोडवेज बस ड्राइवर और कंडक्टर से ऑटो चालक द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। बस चालक ने ऑटो चालक व उसके चार साथियों के खिलाफ राज कार्य में बाधा व मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। काकलवाडा निवासी जीतराम चौधरी ने थाने में शिकायत देते हुए एक ऑटो चालक सहित उसके चार साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जीतराम चौधरी ने पुलिस को बताया कि वह पिछले तीन साल से अजमेर डिपो अजमेर में संविदा पर रोडबस में ड्राइवर के पद पर कार्य कर रहा है। 2 अप्रैल रोडवेज बस को लेकर मालपुरा से अजमेर के लिए रवाना हुआ था। कंडक्टर मोहित शर्मा पुत्र सुरेश कुमार वैष्णव भी साथ था। जीतराम चौधरी ने पुलिस को बताया कि रोडवेज बस को लेकर हेलिपेड हाईवे पुलिया से आगे रोडवेज वर्कशॉप के पास पहुंचा तो एक ऑटो चालक ने ओवरटेक करते हुए बस के सामने अपना ऑटो लगाया। ऑटो चालक और उसके आए चार अन्य लोगों ने उनके साथ मारपीट की।

# 50 हजार की नगदी के साथ लाखों के जेवर चोरी

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के भैंशाख गांव में चोरों ने एक मकान की दीवार में सेंध लगाकर 50 हजार की नगदी के साथ लाखों के जेवरात पार कर दिए।

वारदात की खबर मिलते ही मौके पर कोतवाली पुलिस पहुंची। जहां घटनास्थल का मौका मुआयना कर जांच शुरू कर दी गई है। पीड़ित संजय कोली ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रात को घर का पंखा खराब होने की वजह से वह बच्चों के साथ कमरे से बाहर टीन के नीचे सो रहा था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर की दीवार के पीछे सेंध लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर कमरे में रखे बक्से और अलमारी से आधा तौला वजनी एक सोने का मंगलसूत्र, 200 ग्रामी वजनी चांदी की दो जोड़ी तोडियां, एक सोने की अंगूठी, एक चांदी की अंगूठी और 50 हजार की नकदी चुरा ले गए।

घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस को पीड़ित के घर से चोरी किए गए कपड़े मकान के पीछे पड़े मिले। पुलिस में घटना का निरीक्षण करते हुए पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बंद फैक्ट्री में युवक की लाश मिली

**भीलवाड़ा, (निसं)।** एक बंद बड़ी फैक्ट्री में एक युवक की रस्सी से लटकी हुई लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामला कारोई थाना क्षेत्र के महेंद्रगढ़ गांव का है। यहां गोपाल मिनरल फैक्ट्री में मंगलवार दोपहर बाद एक युवक की रस्सी से लटकी हुई लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोगों ने इसकी सूचना कारोई थाना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को नीचे उतरवाया। मृतक की पहचान भीलवाड़ा के चंद्रशेखर आजाद नगर में रहने वाले मनीष माहेश्वरी (41) के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के शव को गंगापुर हॉस्पिटल की मोर्च्यूरी में भिजवाया।

# टायर फटने से कैम्पर गाड़ी पलटी, 19 जने घायल

## तारानगर के सात्यू निवासी स्वामी समाज के लोग लूणकरनसर में मायरा भरकर लौट रहे थे

**लूणकरनसर, (निसं)।** सरदारशहर स्टेट हाइवे-6(ए) पर गारबदेसर गांव के समीप कैम्पर गाड़ी का टायर फटने से वह पलट गई, जिससे कैम्पर में सवार करीब 19 जने घायल हो गए। हादसा सड़क पर अचानक पशु आने से हुआ बताया है।

कालू थानाधिकारी धर्मवीर ने बताया कि तारानगर के सात्यू निवासी स्वामी समाज के लोग लूणकरनसर में मायरा भरकर गाड़ी में वापस अपने गांव लौट रहे थे। कैम्पर में महिलाओं व बच्चों समेत करीब 19 लोग सवार थे।

- सड़क पर गाय आ गई, जिसे बचाने के चक्कर में कैम्पर अनियंत्रित हो गई और टायर फट गया
- घायल आधा दर्जन लोगों को बीकानेर रैफर किया

इस दौरान स्टेट हाइवे पर गारबदेसर से करीब तीन किलोमीटर पहले सड़क पर अचानक गाय आ गई, जिसे बचाने के चक्कर में कैम्पर अनियंत्रित हो गई और टायर फट गया, जिससे गाड़ी पलटी खा गई। हादसे में कैम्पर में सवार 19 लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को कालू के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करवाया तथा प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेन्टर भेज दिया।

पुलिस के अनुसार कैम्पर में सवार सात्यू निवासी रामनिवास (55) पुत्र इन्द्रदास स्वामी, गिरधारी (55) पुत्र चोरदास स्वामी, हरीश (25) पुत्र रामनिवास, सुभाष (25) पुत्र दाताराम स्वामी, ढाणी आशा निवासी महिपाल (30) पुत्र ख्यालीदास स्वामी, पनपालिया निवासी ममता (42) पत्नी राजूदास स्वामी व ओमदास (62) पुत्र बिशनदास स्वामी के गंभीर चोट आई हैं। इनके अलावा अन्य लोगों के मामूली चोटें आई हैं। हादसे में घायल आधा दर्जन लोगों को बीकानेर रैफर किया गया है। हादसे में बड़ी संख्या में घायलों के पहुंचने के चलते एकबारगी कालू सीएचसी में अफरा-तरफी मच गई। मौके पर मौजूद डॉ. ललिता लेघा, डॉ. राजेन्द्र डूडी व डॉ. शुभम के नेतृत्व में चिकित्सा स्टाफ ने प्राथमिक उपचार किया। पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में घायलों के पहुंचने पर सेवादार भी आ गए। सीएमओ डॉ. एलके कपिल, समाजसेवी रमेश व्यास, हरीकिशन सिंह राजपुरोहित, राजनारायण मोदी ने घायलों के उपचार में मदद की। घायलों में तीन को रेड एरिया में रखा गया है।

## फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** आसींद पुलिस ने फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। आसींद थाना प्रभारी हंसपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आसींद थाना क्षेत्र में एक लूट की वारदात हुई थी। इस मामले में जगदीश पिता प्रभु लाल माली भी आरोपी था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए कई प्रयास किए, लेकिन वह फरार चल रहा था। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी जगदीश अपने विजयनगर में आने वाला है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को विजयनगर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर आसींद थाने लाया गया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है।

# लाखों की नगदी सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**बीकानेर, (निसं)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लागू आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना के क्रम में बीकानेर पुलिस ने एक और बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध नगदी सहित एक आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। इससे पहले भी पुलिस ने हवाला के संदेह में एक अन्य कार्यवाही में लाखों रुपए जब्त किए थे। इससे जाहिर है कि बीकानेर हवाला कारोबार का बड़ा हब बन गया है।

डीएसटी और सदर थाना पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में एक व्यक्ति से लगभग 18,50,000 रुपए नगदी जब्त की गई है। जब्त की गई राशि के हवाला की होने की आशंका जताई जा रही है। यह कार्रवाई सदर थाना इलाके में भुट्टा चौराहे के आसपास की गई है। जहां पुलिस ने बज्जू निवासी मनोहरलाल से नगदी जब्त की है।

पुलिस टीम ने मनोहरलाल से इस राशि के संबंध में पूछताछ की तो वो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने आरोपी को डिटेन कर लिया है। कार्रवाई के संबंध में पुलिस ने आयकर विभाग को सूचित किया है। सूचना मिलने पर आयकर विभाग के अधिकारी सदर थाने में पहुंच गए। इस कार्रवाई में डीएसटी के छापेमार कांस्टेबल लखविंद्र सिंह की विशेष भूमिका रही।

# 120 किलो डोडा-चूरा जब्त, तस्कर फरार



पुलिस ने एक पिकअप से डोडा-चूरा जब्त किया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी राजन दुष्यंत के निर्देशन में जिले की थाना पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के परिवहन और तस्करी पर रोक लगाई जा रही है और इनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

इसी के तहत पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान कार्रवाई करते हुए एक पिकअप से 120 किलो डोडा-चूरा जब्त किया है। गुलाबपुरा थाना प्रभारी पूरणमल ने बताया कि गुलाबपुरा थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान भीलवाड़ा की ओर से सफेद रंग की एक पिकअप आ रही थी, जिसमें दो व्यक्ति बैठे थे। ड्राइवर नाकाबंदी देखकर पिकअप को भगाकर ले जाने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो कुछ दूरी पर पिकअप छोड़कर भाग गये। पुलिस ने जब पिकअप की तलाशी ली तो इसमें आठ कट्टों में डोडा-चूरा भरा हुआ मिला। पुलिस ने अवैध अफीम डोडा-चूरा और तस्करी में प्रयुक्त पिकअप थाने लाये। इन कट्टों का वजन करवाने पर यह 120 किलो पाया गया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कट्टों में भरा अवैध डोडा-चूरा और पिकअप को जब्त किया।

# पावटा के मुख्य बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव

## रोड लाइट के अभाव में रात्रि में राहगीरों को किसी अनहोनी का अंदेशा रहता है

**पावटा, (निसं)।** कस्बे के मुख्य बस स्टैंड पर तेज धूप व गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए ना तो पीने का पानी, ना शौचालय और ना ही बस के इंतजार के लिए बैठने की जगह की व्यवस्था है। वहीं रोड लाइट के अभाव में रात्रि को राहगीरों को किसी अनहोनी का अंदेशा सताता है व परेशानी होती है। जयपुर-दिल्ली एनएच-8 पर स्थित व प्रमुख व्यापारिक नगर होने के कारण यहां गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं मगर असुविधाओं के कारण इधर-उधर भटकने को मजबूर है।

पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा, जीवन ज्योति संस्था संरक्षक सुभाष गोयल, एडवोकेट दीपक गोयल व पार्षद विजय गुप्ता ने बताया कि कहने को तो पावटा को उपखंड का दर्जा प्राप्त हो चुका लेकिन आज भी कस्बेवासियों को मुख्य बस स्टैंड पर अनेक मूलभुत सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा है। वस्त्र व्यापार मण्डल से धर्मेंद्र गोयल, संतोष गुप्ता ने बताया कि कस्बेवासियों व आसपास के गांवों से




सड़क के पास धूप में वाहनों का इंतजार करते लोग।

हाइवे पर जयपुर से दिल्ली व दिल्ली से जयपुर जाने के लिए बसों के इंतजार में खड़ा रहना पड़ता है। यात्रियों की बैठने का स्थान नहीं होने के कारण खड़े रहने की मजबूरी है। महिला एवं बुजुर्गो को बसों के आने का इंतजार करना भारी पड़ता है। सुरेश शर्मा, दिनेश शर्मा ने बताया कि पावटा स्टैंड पर पीने के पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण यात्रियों को भटकना पड़ रहा है। महावीर चावला, हरिराम सैनी ने बताया कि पावटा बस स्टैंड पर आज तक सार्वजनिक पोर्टेबल शौचालय के नहीं होने से राहगीरों को चाहे वो महिला हो चाहे पुरुष उनको इधर-उधर से दीवार की ओट का सहारा लेकर ही लघुशंका करना पड़ता है। जिसमे सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को होती है। ऐसे में आमजन को बडी शर्म महसूस करनी पडती है जिससे राहगीरों में नाराजगी है।

मुकेश गोयल, सुरेश शर्मा ने नाराजगी जताते हुए बताया कि पावटा को उपखंड का पूर्ण दर्जा प्राप्त होने के

- कस्बेवासियों व आसपास के गांवों के लोगों को हाइवे पर जयपुर से दिल्ली व दिल्ली से जयपुर आने-जाने के लिए बसों के इंतजार में खड़ा रहना पड़ता है

बावजूद आज तक मुख्य बस स्टैंड पर धूप व बारिश से बचने के लिए छाया की व्यवस्था नहीं है। इससे यात्रियों को तेज धूप व बारिश में बसों के इंतजार में टीनशेड के अभाव में चिलचिलाती धूप व बारिश में भीगते हुए बसों का इंतजार करना पड़ता है। रात्रि में यात्री यात्रा करके आते हैं या जाना हो तो उसे अंधेरे में ही बसों का इंतजार करना पड़ता है जिससे कभी भी अंधेरे के कारण कोई बड़ी लूटपाट या अनहोनी घटना महिलाओं के साथ होने का डर मंडराता रहता है।